सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-440
13/10/2018

राजगीर में निर्माणाधीन राज्य पुलिस अकादमी का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया

पटना, 13 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में निर्माणाधीन राज्य पुलिस अकादमी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। राज्य पुलिस अकादमी प्रांगण के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने पूरे कैम्पस का भ्रमण कर निर्माणाधीन सभी भवनों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर तक बिल्डिंग में हर हाल में प्रशिक्षण का कार्य शुरू कर दिया जाय और सभी भवनों का निर्माण कार्य अविलम्ब पूरा करना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर जिस तरह से भव्य है, उसी तरह से इंटरनल क्वालिटी भी होनी चाहिए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री रवि ज्योति, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, बिहार राज्य योजना पर्षद के सदस्य श्री संजय झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पुलिस भवन निर्माण निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुनील कुमार, डी0जी0 ट्रेनिंग श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, पटना पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी नालंदा डॉ0 त्याग राजन एस0एम0, पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर कुमार पोरीका सहित निर्माण कार्य से संबंधित विभागों के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******